हिन्दुस्तान
भरोसा नए हिन्दुस्तान का
बुधवार
5 फरवरी 2025

PAGE NO. 05, MIDDLE

# सही समय पर जांच और इलाज से हारेगा कैंसर



एसआरएमएस में मंगलवार को कैंसर विजेताओं को सम्मानित किया गया।

**बरेली, वरिष्ठ संवाददाता।** श्रीराममूर्ति स्मारक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज की ओर से विश्व कैंसर दिवस पर मंगलवार को कैंसर को मात देने वाले कैंसर विजेताओं का सम्मान किया गया। कैंसर विजेताओं ने बीमारी की जानकारी और इसके उपचार के दौरान के अपने अनुभव साझा किए।

एसआरएमएस ट्रस्ट संस्थापक व चेयरमैन देवमूर्ति ने कैंसर से बचाव के लिए दूसरों को जागरूक करने का संदेश दिया। इससे पहले एसआरएमएस मेडिकल कालेज स्थित आरआर कैंसर इंस्टीट्यूट एंड रिसर्च सेंटर के विभागाध्यक्ष डॉ. पियूष अग्रवाल ने कैंसर, इससे बचाव के उपाय बताने के साथ सेंटर में उपलब्ध तकनीक और उपकरणों की जानकारी दी। गायनी ओंको सर्जन कर्नल डॉ. मनोज कुमार टांगड़ी ने गायनी कैंसर से संबंधित जानकारी दी। संचालन डॉ. रशिका सचान ने किया। कालेज के डायरेक्टर एडमिनिस्ट्रेशन आदित्य मूर्ति, प्रिंसिपल एयर मार्शल (सेवानिवृत्त) डॉ. एमएस बुटोला, डॉ. आरपी सिंह, डॉ. निर्मल यादव, डॉ. रोहित शर्मा आदि मौजूद रहे।